कार्यालय नगर पालिक निगम, भिलाई

जोन क्रमांक–01, नेहरू नगर

//नेहरू नगर चौक के सौन्दर्यीकरण कार्य हेतु रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रण सूचना//

क्र./ लोकवि/जोन–1/न0नि0/2023/ 316 भिलाई, दिनांक 23/05/2023

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत जोन क्रमांक–01 अंतर्गत नेहरू नगर में स्थित नेहरू नगर चौक के सौन्दर्यीकरण कार्य हेतु रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जा रही है। रूचि की अभिव्यक्ति में ऑफर दाता द्वारा चौक के सौन्दर्यीकरण हेतु कान्सेप्ट प्लान, विस्तृत ड्राईंग डिजाइन, विस्तृत प्राक्कलन सहित, निर्माण कार्य एवं रख–रखाव सहित दरें प्रस्तुत करना होगा। तीन लिफाफा पद्धति से दिनांक **14/06/2023** तक रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित किया जाता है। ऑफरदाताओं को लिफाफा 'A' में निविदा शुल्क राशि रू. 2500.00 का डी.डी. आयुक्त, नगर पालिक निगम, भिलाई एवं धरोहर राशि रू. 25,000.00 किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक का एफ.डी.आर. के रूप में जोन आयुक्त जोन–01, नगर पालिक निगम, भिलाई एवं ऑफरदाता के संयुक्त नाम के साथ, जी.एस.टी. रिटर्न दस्तावेज, फर्म रजिस्ट्रेशन, पेन कार्ड, बैंक साल्वेंसी एवं संलग्न नियम शर्तें में उल्लेखित दस्तावेज, लिफाफा 'B' में कान्सेप्ट प्लान, विस्तृत ड्राईंग डिजाइन, विस्तृत प्राक्कलन एवं लिफाफा 'C' में वित्तिय आफर (Financial Offer) के साथ लिफाफा "D" में तीनों अन्य लिफाफे में भरकर रजिस्टर डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्रेषित करना होगा। प्राप्त ऑफर लिफाफा "A" दिनांक **15/06/2023** को समय प्रातः 11:00 बजे खोली जावेगी। निर्धारित निविदा शुल्क धरोहर राशि एवं अन्य दस्तावेज के परीक्षण उपरांत प्राप्त होने के उपरांत पात्र ऑफरदाता का लिफाफा 'C' वित्तिय आफर (Financial Offer) खोला जावेगा। जिसकी पृथक से सूचना दी जावेगी। ऑफर खोले जाने के समय ऑफरदाता/उनके अधिकृत प्रतिनिधी उपस्थित रह सकते है।

नियम शर्तो का अवलोकन कार्यालयीन समय में जोन आयुक्त जोन–01 नेहरू नगर नगर पालिक निगम, भिलाई में की जा सकती है तथा नियम शर्तो एवं कार्यो की जानकारी नगर पालिक निगम, भिलाई के वेब साईट www.bhilainagarnigam.com से डाउनलोड की जा सकती है।

23/5/23

जोन आयुक्त
(जोन–01)
नगर पालिक निगम
भिलाई

Scanned with OKEN Scanner

कार्यालय नगर पालिक निगम, भिलाई

जोन क्रमांक 01 अंतर्गत नेहरू नगर चौक के सौन्दर्यीकरण कार्य हेतु रूचि की अभिव्यक्ति अंतर्गत नियम एवं शर्ते

नगर पालिक निगम भिलाई जोन–01 क्षेत्रांतर्गत स्थित नेहरू नगर चौक के सौन्दर्यीकरण कार्य हेतु स्थल की उपलब्धता अनुसार निर्माण कराया जाना है। जिस कार्य हेतु न्यूनतम ऑफर के आधार पर इच्छुक एजेंसी से रूचि की अभिव्यक्ति अंतर्गत ऑफर आमंत्रित की जाती है जिसकी नियम एवं शर्ते निम्नानुसार है।

1. ऑफरदाता को तीन लिफाफा पद्धति में प्रस्ताव देना होगा, लिफाफा 'अ' में निर्धारित अमानत राशि रू 25000.00 का एफ.डी.आर. जोन आयुक्त जोन–01 नगर पालिक निगम भिलाई के नाम से जमा करना होगा। एजेंसी का रजिस्ट्रेशन, प्रमाण पत्र व्यक्ति का पहचान पत्र, जी.एस.टी., पेन कार्ड, बैंक साल्वेंसी व पता संबंधी दस्तावेज, स्वयं हस्ताक्षर का होना अनिवार्य एवं लिफाफा 'ब' में कान्सेप्ट प्लान, विस्तृत ड्राईंग डिजाइन, विस्तृत प्राक्कलन सहित तथा लिफाफा 'स' में वित्तिय आफर (Financial Offer) भरकर प्रस्तुत करना होगा।
2. ऑफर दाताओं से अपेक्षा की जाती है कि दर निर्धारण करने के पूर्व संबंधत स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी प्राप्त कर लेवें।
3. ऑफरदाता को प्राप्त दर की स्वीकृति होने की सूचना प्राप्ति के 07 दिनों के भीतर इकरारनामा करना होगा। इकरारनाम न करने की स्थिति में आयुक्त नगर पालिक निगम द्वारा ऑफर निरस्त किया जा कर अमानत राशि राजसात की जावेगी जिसमी स्मपूर्ण जवाबदारी आफरदाता की होगी। अनुबंध करने पश्चात जारी कार्यादेश के 07 दिवस अन्दर विषयांकित कार्य प्रारंभ करना होगा।
4. उल्लेखित स्थल का संपूर्ण स्वामित्व नगर पालिक निगम भिलाई का होगा।
5. स्थल की परिसीमा में कोई परिवर्तन नहीं किया जा सकेगा।
6. उल्लेखित कार्य में नगर पालिक निगम भिलाई की दिशा निर्देश, नियम एवं शर्ते एजेंसी को सर्वमान्य होगा।
7. किसी भी प्रकार की विवाद की स्थिति में नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त का निर्णय अंतिम व मान्य होगा।

23/5/23

जोन आयुक्त
जोन–01
नगर पालिक निगम,
भिलाई

Scanned with OKEN Scanner

विषय | रूचि की अभिव्यक्ति आफर आमंत्रण सूचना का प्रकाशन

कार्यालय,नगर पालिक निगम, भिलाई

जोन– 1 नेहरू नगर

कार्य का नाम :– नेहरू नगर चौक में मंदिर की तरफ चौक के सौन्दर्यीकरण कार्य।

//भाव पत्र //

क0	कार्य का विवरण	दर (दरें अंको एवं अक्षरों में दे)
1	जोन क्रमांक–01 अंतर्गत वार्ड–04 नेहरू नगर में स्थित नेहरू चौक के सौन्दर्यीकरण कार्य हेतु कान्सेप्ट प्लान, विस्तृत ड्राईंग डिजाइन, विस्तृत प्राक्कलन सहित दरें संलग्न नियम एवं शर्तो के अनुसार प्रस्तुत करना होगा।	

टीप- दर का विस्तृत विवरण सहित प्रस्तुत करें।

एजेंसी का हस्ताक्षर

नाम : – ....

पता :– ....

....

मोबाईल न0:– ....

23/5/23

जोन आयुक्त
जोन –01
नगर पालिक निगम भिलाई

Scanned with OKEN Scanner